स्वस्थ भारत यात्रा के तहत निकाली गई जागरूकता रैली

Dated: - 22nd October 2018 (Monday) **E-paper**

स्वस्थ भारत यात्रा को लेकर नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी 37 जमशेदपुर) के तत्वावधान में सोमवार को स्थानीय पोस्ट ऑफिस चौक से शहर में जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली में एनसीसी के सदस्यों के साथ-साथ विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा स्वास्थ्य के प्रति नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया गया। इस संबंध में एलआरडीसी विनय मनीष लकड़ा ने कहा कि स्वच्छता के लिए हमें सचेत रहना चाहिए। हम अगर अपने शरीर के लिए समय नहीं दे पाते हैं यह सोचने की बात है।

स्वस्थ भारत यात्रा को लेकर नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी 37 जमशेदपुर) के तत्वावधान में सोमवार को स्थानीय पोस्ट ऑफिस चौक से शहर में जागरूकता रैली निकाली गई।

हमें अपने देश को स्वस्थ्य रखना है तो सुबह व शाम में कुछ समय अपने लिए जरुर देना चाहिए। इसके अलावा खान-पान में भी बदलाव कर अपने शरीर के मुताबिक ही सेवन करना चाहिए। कम से कम दिन में अपने लिए एक घंटा पूरा जरुरी है। जिससे हम अपने शरीर को स्वस्थ्य रख सकें। हम स्वस्थ्य रहेंगे तो देश स्वस्थ्य रहेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से एनडीसी रवि कुमार, सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिलीप सिन्हा, डॉ. संजय कुजूर, डॉ. जगन्नाथ हेंब्रम, नगर परिषद चाईबासा के स्वच्छता मित्र अधिवक्ता राजाराम गुप्ता, झारखंड शिक्षा परियोजना के अमित मुखर्जी, यूनिसेफ के समन्वयक बासिल टोप्पो, समेत अन्य विभागों के प्रतिनिधि मौजूद थे।